प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
**INSTITUTE FOR PLASMA RESEARCH**
**Bhat, Gandhinagar -382428**

## विज्ञापन सं. 05/2020 (1)

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और औद्योगिक एवं सामाजिक प्लाज़्मा के अनुप्रयोग के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव, गांधीनगर (गुजरात) में स्थित है और औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी सुविधा केंद्र (एफसीआईपीटी), जीआईडीसी, गाँधीनगर में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है।

सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। चयन किये गये उम्मीदवारों को प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गांधीनगर में कार्य करना होगा। हालांकि, भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर उम्मीद्वारों को संस्थान के अन्य केंद्रों / परिसरों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

**पद का नाम: वैज्ञानिक अधिकारी - डी/ वैज्ञानिक अधिकारी - ई** **पद संख्या: 06 (अनारक्षित)**

**आईपीआर वैज्ञानिक अधिकारी-डी या वैज्ञानिक अधिकारी-ई का चयन करके रिक्त पदों (सं. 06) को भरने का अधिकार रखता है। प्रत्येक पद यानी वैज्ञानिक अधिकारी-डी और वैज्ञानिक अधिकारी-ई के लिए अलग-अलग आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है। उम्मीदवारों को वैज्ञानिक अधिकारी-डी/वैज्ञानिक अधिकारी-ई के लिए *केवल एक ही* आवेदन जमा करना होगा। उम्मीदवारों की आयु, योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर उन्हें उपयुक्त पद के लिए लिया जाएगा।**

| 1 | पद का नाम | वैज्ञानिक अधिकारी - डी | वैज्ञानिक अधिकारी - ई |
|---|---|---|---|
| 2 | वेतन स्तर | पे मैट्रिक्स स्तर 11 (7वें सीपीसी) पर शुरुआती मूल वेतन 67700/- | पे मैट्रिक्स स्तर 12 (7वें सीपीसी) पर शुरुआती मूल वेतन 78800/- |
| 3 | आयु सीमा | 40 वर्ष<br>(समय - समय पर जारी केंद्र सरकार के संशोधित आदेशों के अनुसार आयु सीमा में रियायत दी जाएगी)। | 45 वर्ष<br>(समय - समय पर जारी केंद्र सरकार के संशोधित आदेशों के अनुसार आयु सीमा में रियायत दी जाएगी)। |
| 4 | अनिवार्य योग्यता/ अनुभव | a) प्लाज़्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्र में भौतिकी या इंजीनियरिंग में पीएचडी<br>एवं<br>b) भौतिकी में एमएससी (न्यूनतम 60% अंकों के साथ) या इलेक्ट्रीकल/मैकेनिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/केमिकल इंजीनियरिंग में बी. टेक./बी.ई. (न्यूनतम 60% अंकों के साथ) में।<br>एवं<br>c) पीएचडी के दौरान प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय रेफरी पत्रिका में प्रकाशन। | a) प्लाज़्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्र में भौतिकी या इंजीनियरिंग पीएचडी<br>एवं<br>b) भौतिकी में एमएससी (न्यूनतम 60% अंकों के साथ) या इलेक्ट्रीकल/मैकेनिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/केमिकल इंजीनियरिंग में बी. टेक./बी.ई. (न्यूनतम 60% अंकों के साथ) में।<br>एवं<br>c) पीएचडी के दौरान प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेफरी पत्रिका में प्रकाशन। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | d) प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीएचडी के बाद का न्यूनतम चार वर्ष का अनुसंधान का अनुभव। |
| 5 | वांछनीय योग्यता (अनुसंधान अनुभव) | (A) पीएचडी थीसिस कार्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में से कोई एक या अधिक सम्मिलित होना चाहिए:<br><br>(A-1) प्लाज़्मा आधारित प्रयोगात्मक प्रणालियाँ जैसे कि फिलामेंटरी डिस्चार्ज, ग्लो डिस्चार्ज, आरएफ डिस्चार्ज प्लाज़्मा, थर्मल प्लाज़्मा, उच्च ऊर्जा स्पंदित शक्ति संचालित प्लाज़्मा, टोकामॅक/स्टेलेरेटर, आदि का डिज़ाइन एवं/ या संचालन जिसमें उनके वैक्युम/ उच्च दाब/ मैकेनिकल सबसिस्टम शामिल है। एक या अधिक प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक्स जैसे कि इलेक्ट्रिक प्रोब चुंबकीय प्रोब, स्पैक्ट्रोस्कोपी, लेज़र प्रकाशिकी, इंटरफेरोमेटरी आदि के विकास/उपयोग का व्यावहारिक अनुभव।<br><br>(A-2) आरएफ या एनबीआई हीटिंग सिस्टम, उच्च वोल्टेज बिजली की आपूर्ति, अल्ट्रा-उच्च वैक्यूम सिस्टम आदि जैसे प्लाज्मा प्रयोगों के लिए उपयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकियों का डिजाइन एवं विकास।<br><br>(A-3)<br>(i) प्लाज्मा सिद्धांत<br>ii) प्लाज्मा मॉडलिंग एवं सिमुलेशन<br>iii) कम्प्यूटेशनल प्लाज्मा विज्ञान<br>iv) संलयन सिद्धांत या प्लाज्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के किसी अन्य क्षेत्र में हाल ही में हुई प्रगति। | (A) पीएचडी थीसिस कार्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में से कोई एक या अधिक सम्मिलित होना चाहिए:<br><br>(A-1) प्लाज़्मा आधारित प्रयोगात्मक प्रणालियाँ जैसे कि फिलामेंटरी डिस्चार्ज, ग्लो डिस्चार्ज, आरएफ डिस्चार्ज प्लाज़्मा, थर्मल प्लाज़्मा, उच्च ऊर्जा स्पंदित शक्ति संचालित प्लाज़्मा, टोकामॅक/स्टेलेरेटर, आदि का डिज़ाइन एवं/ या संचालन जिसमें उनके वैक्युम/ उच्च दाब/ मैकेनिकल सबसिस्टम शामिल है। एक या अधिक प्लाज़्मा डायग्नोस्टिक्स जैसे कि इलेक्ट्रिक प्रोब चुंबकीय प्रोब, स्पैक्ट्रोस्कोपी, लेज़र प्रकाशिकी, इंटरफेरोमेटरी आदि के विकास/उपयोग का व्यावहारिक अनुभव।<br><br>(A-2) आरएफ या एनबीआई हीटिंग सिस्टम, उच्च वोल्टेज बिजली की आपूर्ति, अल्ट्रा-उच्च वैक्यूम सिस्टम आदि जैसे प्लाज्मा प्रयोगों के लिए उपयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकियों का डिजाइन एवं विकास।<br><br>(A-3)<br>(i) प्लाज्मा सिद्धांत<br>ii) प्लाज्मा मॉडलिंग एवं सिमुलेशन<br>iii) कम्प्यूटेशनल प्लाज्मा विज्ञान<br>iv) संलयन सिद्धांत या प्लाज्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के किसी अन्य क्षेत्र में हाल ही में हुई प्रगति।<br>(B) संलयन सिद्धांत एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों जैसे प्लाज़्मा सतह अंतर्क्रिया/प्लाज़्मा पदार्थ अंतर्क्रिया/आवेशित कण बीम जनरेशन, त्वरण/न्यूट्रोनिक्स/न्यूट्रॉन जेनरेशन आदि में कम से कम एक साल का पोस्ट-डॉक्टोरल शोध अनुभव, साथ ही विभिन्न प्लाज्मा डायग्नॉस्टिक्स में पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए। |
| 6 | अनिवार्य शोध प्रकाशन | पीएचडी अवधि के दौरान प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रथम-लेखक के रूप में कम से कम दो शोध पत्रों का प्रकाशन या प्रकाशन हेतु स्वीकार्य(UGC मान्यता प्राप्त जर्नल्स)। | i) पीएचडी अवधि के दौरान प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रथम-लेखक के रूप में कम से कम दो शोध पत्रों का प्रकाशन या प्रकाशन हेतु स्वीकार्य(UGC मान्यता प्राप्त जर्नल्स)। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | एवं<br>ii) पीएचडी के पश्चात् अनुसंधान गतिविधियों के दौरान प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में कम से कम दो प्रकाशन। |
| 7 | कार्य विवरण | चयनित उम्मीदवार प्लाज़्मा/संलयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी(प्रयोग/सिद्धांत) के क्षेत्र में या प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित किसी भी अन्य प्रगति के क्षेत्र में आईपीआर में शोध कार्य में सहायता, संचालन और योजना करेंगे। | चयनित उम्मीदवार प्लाज़्मा/संलयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी(प्रयोग/सिद्धांत) के क्षेत्र में या प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित किसी भी अन्य प्रगति के क्षेत्र में आईपीआर में शोध कार्य में सहायता, संचालन और योजना करेंगे। |
| 8 | अनुसंधान प्रस्ताव | उम्मीदवार को क्रम सं. 5 में वर्णित किसी भी क्षेत्र में 3 वर्ष की अवधि का एक शोध प्रस्ताव 1000 शब्दों में प्रस्तुत करना होगा। प्रस्ताव में शोध का संक्षिप्त उद्देश्य, प्रेरणा, आवश्यक संसाधन, कार्य योजना और समय अनुसूची, डिलिवरेबल्स और आवश्यक निधि शामिल होना चाहिए। | उम्मीदवार को क्रम सं. 5 में वर्णित किसी भी क्षेत्र में 3 वर्ष की अवधि का एक शोध प्रस्ताव 1000 शब्दों में प्रस्तुत करना होगा। प्रस्ताव में शोध का संक्षिप्त उद्देश्य, प्रेरणा, आवश्यक संसाधन, कार्य योजना और समय अनुसूची, डिलिवरेबल्स और आवश्यक निधि शामिल होना चाहिए। |
| 9 | सिफारिश पत्र | उन वैज्ञानिकों से सिफारिश के तीन पत्र, जो उम्मीदवार के काम से परिचित हो, को ईमेल द्वारा reco-sode@ipr.res.in पर भेजना होगा। रेफरी में से एक उम्मीदवार का पीएचडी गाइड होना चाहिए। | उन वैज्ञानिकों से सिफारिश के तीन पत्र, जो उम्मीदवार के काम से परिचित हो, को ईमेल द्वारा reco-sode@ipr.res.in पर भेजना होगा। रेफरी में से एक उम्मीदवार का पीएचडी गाइड होना चाहिए। |

**चयन प्रक्रिया:**

विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक, योग्यता, अनुभव आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर मान्य आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार में भाग लेने हेतु दो विकल्प उपलब्ध हैं। वे या तो आईपीआर में स्वयं उपस्थित होकर साक्षात्कार दे सकते है या विडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा ऑनलाइन सक्षात्कार दे सकते है। साक्षात्कार के लिए बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं।

1. निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं न्यूनतम हैं और केवल इन योग्यताओं के कारण उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**अत: उम्मीदवार को अपने आवेदन में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त अपनी सभी योग्यताओं और संबंधित क्षेत्रों में प्राप्त अनुभवों का उल्लेख करना चाहिए।** उदाहरण के लिए यदि पद के लिए अनुभव आवश्यक नहीं है लेकिन आवेदक को अनुभव प्राप्त है तो उसे सलाह दी जाती है कि वह संबंधित क्षेत्र में अनुभव भरें। संवीक्षा/लघु सूचीबद्ध करने के लिए केवल उन्हीं शैक्षिक योग्यताओं और अनुभव आदि पर विचार किया जाएगा जिनका ऑनलाइन आवेदन में स्पष्ट रूप से दावा किया गया है।

2. आवेदनों की संख्या अधिक होने पर, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उपयुक्त संख्या तक सीमित करने के लिए संस्थान निम्नलिखित कालानुक्रमिक चरणों में एक या एक से अधिक पद्धतियों द्वारा शॉर्टलिस्टिंग का मानदंड अपनाएगा:

i) विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अनुभव की तुलना में संबंधित क्षेत्र में उच्च अनुभव के आधार पर। यहां, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पूरी करने के बाद ही अनुभव को गिना जाएगा।

ii) अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने से पहले या बाद के अनुभव की गणना के आधार पर।

iii) वांछनीय योग्यता या यदि एक से अधिक वांछित योग्यता निर्धारित की गई है तो किसी एक या सभी वांछनीय योग्यताओं के आधार पर।

iv) विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यताओं से उच्चतर शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर।

v) लिखित परीक्षा आयोजित करके।

**<u>आवेदन शुल्क :</u>** आवेदन के लिए शुल्क का विवरण नीचे दिया है:

| क्रम. सं | वर्ग | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य/अ.पि.व | 200/- |
| 2. | अ.जा/अ.ज.जा/महिला/पीडब्ल्यूडी /भूतपूर्व सैनिक/आंतरिक उम्मीदवार | Nil |

**<u>भुगतान की विधि: केवल ऑनलाइन माध्यम से (एसबीआई कलेक्ट)</u>**

**<u>ऑनलाइन भुगतान करने की पद्धति:</u>**

1. एसबीआई कलेक्ट पर जाएँ: **<u>https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm</u>**
2. आगे बढ़ें → स्टेट ऑफ़ कॉर्पोरेट / इंस्टीट्यूशन: गुजरात
3. कॉर्पोरेट / संस्थान का प्रकार: अन्य
4. अन्य नाम: प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
5. भुगतान श्रेणी का चयन करें: आवेदन शुल्क - आईपीआर
6. भुगतान करें।
7. ऑनलाइन आवेदन में भुगतान का विवरण भरने के लिए रसीद प्रिंट / डाउनलोड करें।

**<u>सामान्य सूचना</u>**

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अल्पकालीन है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया/घटाया जा सकता है। विकलांग व्यक्तियों को भी अनारक्षित कोटे के लिए उनकी योग्यता के आधार पर चुना जा सकता है।

2. ऑनलाइन भर्ती आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन ध्यान से पढ़ लें। यदि आप संतुष्ट है कि आप विस्तृत विज्ञापन में पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएं प्राप्त हैं तभी आप ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए आगे बढ़ें। अन्यथा प्रस्तुत किया गया आवेदन सरसरी तौर पर ही रद्द कर दिया जाएगा।

3. हर तरह से सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारत करने की तारीख जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए ऑनलाइन भर्ती आवेदन प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तारीख होगी ।

4. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन भर्ती आवेदन में अपने सभी विवरण ध्यानपूर्वक भरें और हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ और जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु छूट, आदि के समर्थन में दस्तावेजों की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करें, क्योंकि गलत सूचना प्रस्तुत करने पर कम्प्यूटर आधारित लघु सूची बद्ध करने के दौरान आवेदन रद्द किया जा सकता है। भर्ती के किसी भी स्तर पर अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदन को संस्थान अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विशेष पद के लिए केवल एक ही ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करें; तथापि, यदि वह एक पद के लिए एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करता/करती है तो उसे यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्चतर "आवेदन सं." वाला ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र शुल्क, जहां भी लागू हो, सहित सभी प्रकार से परिपूर्ण है। जो आवेदक एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करते हैं उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि संस्थान द्वारा केवल उच्चतर "आवेदन सं." वाले ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र को ही स्वीकार किया जाएगा और एक "आवेदन सं." के लिए दिए गए आवेदन शुल्क को किसी अन्य "आवेदन सं." के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा।

6. एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आ.क.व/अ.पि.व - गैर क्रीमी लेयर/पीडब्ल्यूडी वर्ग के तहत छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र अपलोड़ करना आवश्यक है, जिसे प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें "अनारक्षित (UR)" उम्मीदवारों के समान माना जाएगा।

8. सभी शैक्षणिक योग्यताएं केवल मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। किसी अन्य देशों से शैक्षणिक योग्यता प्राप्त वाले आवेदकों को यूजीसी/एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र को अपलोड़ करना होगा।

9. आयु के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित प्रमाण पत्र/दस्तावेज स्वीकार्य हैं (कोई एक):
   i) जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि।
   ii) माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र (SSLC)।
   iii) मैट्रिक/माध्यमिक स्कूल प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख है।

10. संस्थान(IPR / CPP-IPR) के आंतरिक उम्मीदवार (स्थायी कर्मचारी) ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट के पात्र होंगे। किसी भी अन्य वर्ग (SC / ST / OBC) के तहत आयु में छूट पाने वाले उम्मीदवार आंतरिक उम्मीदवार के रूप में आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

11. **सरकारी/अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के साथ उनके संगठनों / संस्थानों से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र को अपलोड़ करना होगा या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने पर लाना होगा।** संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जाएगा। कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा।

12. साक्षात्कार के लिए बाहर से बुलाए गये उम्मीदवारों को टिकट या यात्रा का प्रमाण जैसे रेलवे/बस टिकट या टिकट नंबर प्रस्तुत करने पर प्रत्यक्ष और सबसे कम दूरी से आने और जाने का तृतीय श्रेणी AC का रेल/राज्य बस परिवहन के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

13. वेतन और भत्ते के अलावा, उपरोक्त पद के लिए आवास किराया भत्ता, अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा योजना और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी। अतिरिक्त सुविधाएँ जैसे कार्यनिष्पादन संबंधी प्रोत्साहन योजना (PRIS), नई पेंशन योजना, एलटीसी, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता और परिवहन भत्ते के बदले नि:शुल्क परिवहन संस्थान के नियमों के अनुसार एवं समय-समय पर संशोधित सरकारी आदेशों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

14. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि के बाद ही अनुभव गिना जाएगा।

15. चूंकि संस्थान द्वारा केवल ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा इसलिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना **सही और सक्रिय ई-मेल पता** भरने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवारों को भर्ती की नियमित अपडेट सूचना के लिए संस्थान की वेबसाइट को देखने की भी सलाह दी जाती है।

16. परिशिष्ट/विलोपन/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) संस्थान की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा, http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html

17. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची आईपीआर वेबसाइट पर पोस्ट की जाएगी। जो उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट नही हुए उन्हें अलग से कोई जानकारी नहीं दी जाएगी। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

18. चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

19. इस विज्ञापन से होनेवाला कोई भी विवाद केवल गांधीनगर में स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

20. आईपीआर, उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं करने या कोई भी कारण बताए बिना किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

21. जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया, उनके रिकॉर्ड को प्रकाशन की तारीख से 1 वर्ष तक संरक्षित किया जाएगा।

22. आवेदक, आवेदन को भरकर खुद को नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध करते हैं। गलत दस्तावेज या किसी भी प्रकार के अनुयाचन या किसी भी स्तर पर भर्ती की प्रक्रिया को प्रभावित करने से ना केवल आवेदन अस्वीकार किया जाएगा बल्कि उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

## <u>आवेदन कैसे करें</u>

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट http://www.ipr.res.in/documents/jobs_career.html पर दिनांक **15/08/2020** तक शाम 5:30 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करें।

ऑनलाइन आवेदन भरते समय निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड़ करने आवश्यक हैं, ऐसा न करने के स्थिति में उम्मीदवार के आवेदन को स्वीकार नही किया जाएगा और संस्थान इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

1. हाल ही का पासपोर्ट आकार का एक रंगीन फोटोग्राफ।
2. सहायक दस्तावेजों की प्रतियाँ:
    - i) आयु का प्रमाण
    - ii) शैक्षिक मार्क शीट, डिग्री
    - iii) अनुभव प्रमाण पत्र
    - iv) निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाण पत्र
    - v) भुगतान रसीद की प्रतिलिपि (यदि लागू हो)
    - vi) कोई अन्य संबंधित प्रमाणपत्र आदि

**<u>कृपया ध्यान दें कि आवेदन और सहायक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।</u>**

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृपया संपर्क करें-recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।